हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 25 दिसंबर 2023

04 अटल नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित हुईं महिलाएं



07 खेलः कबड्डी प्रतियोगिता का रोमांच जारी





### नववर्ष के आगमन के पहले सक्रिय हुआ आबकारी विभाग, दो स्थानों पर की गई कार्रवाई

# नर्मदापुरम-हरदा बार्डर पर जुआरी थे सक्रिय, पुलिस की दबिश में 10 पकड़ाए

पुलिस और आबकारी की टीम नववर्ष की शुरूआत के पहले की सक्रिय हो गई है। ऐसे में रविवार को नर्मदापुरम हरदा बार्डर पर पुलिस ने जुआरियों को पकड़ा। वहीं आबकारी की टीम ने भी दबिश दी।



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम-हरदा जिले की बार्डर पर स्थित शिवपुर थाना पुलिस ने ग्राम अमलाड़ा कला में गंजाल में नदी के किनारे जुआ खेलते 10 लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार 9 जुआरी हरदा और एक जुआरी नर्मदापुरम का रहने वाला है। जुआ खिलाने वाले तीन सरगना भाग निकले। तीनों ने पुलिस से सेंटिग का झूठा हवाला देकर इन हरदा से जुआरियों को जुआ खेलने बुलाया था। जिसकी सूचना शिवपुर थाना पुलिस को लगी। थाना प्रभारी विवेक यादव ने टीम के साथ ग्राम अमलाड़ा कला में नदी किनारे जमी जुआ फड़ पर दविश दी। जुआ खिलाने वाले तीनों सरगना को पुलिस के आने की सूचना मिलने से वो भागने में सफल हो गए।

शिवपुर थाना प्रभारी विवेक यादव ने बताया शनिवार को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम अमलाड़ा कला में कुछ लोग नदी किनारे जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर स्टाफ के मौके पर पहुंचे और घेराबंदी की। पुलिस को देख अफता-तफरी मच गई। जुआरी इधर-उधर भागने लगे। 10 को पकड़ लिया। जिसमें गौरीशंकर भिलाला, ठाकुरलाल,राजू कहार, सारीफ खान, मुस्ताक कुरैशी, आकाश कहार, साबिर शाह निवासी बिच्छापुर, रोहित प्रजापति निवासी जैन मंदिर के पास हरदा, सोहेल मंसूरी निवासी हरदा, रामशंकर पचोरी निवासी हरदा को अरेस्ट किया गया। मौके से नगद 30 हजार रुपए, 52 ताश के पत्ते, एक कंबल जप्त की गई। जुआ खिलाने के लिए लेकर आने वाले राजकुमार सोलंकी निवासी उन्द्राकच्छ, करतार राजपूत निवासी छिपानेर रोड हरदा एवं सतीश यादव निवासी 15 टिमरनी भाग निकले। पकड़े गए आरोपीने पूछताछ में बताया राजकुमार सोलंकी निवासी उन्द्राकच्छ थाना टिमरनी, करतार राजपूत छीपानेर रोड़ हरदा और सतीश यादव वार्ड नंबर 15 टिमरनी जुआ संचालित कराना और मौके से भागना बताया।

## दो स्थानों पर आबकारी की कार्रवाई में सवा दो लाख रुपए की अवैध शराब जब्त की

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नववर्ष की शुरूआत के पहले ही आबकारी की टीम अवैध शराब के ठिकानों पर दबिश देने लगी है। रविवार को नर्मदापुरम आबकारी विभाग की टीम ने माखननगर एवं सोहागपुर क्षेत्र में लगातार कार्यवाही की जिसमें दो दिनों के भीतर कुल 72 लीटर कच्ची हाथभट्टी शराब एवं कुल 2050 किलोग्राम महुआ लहान जप्त किया। जिसकी अनुमानित कीमत 2 लाख 26 हजार 600 रूपए आंकी गई है। आबकारी अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की गई। आबकारी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार कलेक्टर नीरज कुमार सिंह के निर्देशन में एवं जिला आबकारी अधिकारी अरविंद सागर के मार्गदर्शन में नर्मदापुरम जिले में अवैध मदिरा परिवहन, निर्माण, विक्रय एवं संग्रहण के खिलाफ कार्रवाई के दौरान माखन नगर क्षेत्र के कुच बंदिया मोहल्ला में लावारिश अवस्था में लगभग 600 किलोग्राम अवैध महुआ लहान बरामद कर जप्त कर नष्ट किया गया एवं 30 लीटर अवैध हाथ भट्टी महुआ शराब जप्त कर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया। इसके साथ माखननगर के पास बागरा तवा क्षेत्र में दबिश कार्रवाई करने पर लगभग 250 किलोग्राम लावारिस अवस्था में अवैध महुआ लहान बरामद कर फैलाकर नष्ट किया गया।

### सोहागपुर वृत्त की कार्रवाई

कलेक्टर नीरज कुमार सिंह के निर्देशन में जनसुनवाई में प्राप्त शिकायत पर त्वरित कार्यवाही करते आबकारी टीम द्वारा अनावेदक संतोष पिता शेरसिंह निवासी रानी पिपरिया तहसील सोहागपुर की जनसुनवाई में अवैध शराब बेचने की शिकायत



प्राप्त हुई थी उसके रिहायसी मकान की तलाशी विधिवत तलाशी लेने पर अवैध हाथ भट्टी मदिरा अपने कब्जे में रखने से उसका यह कृत्य मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) क का दंडनीय अपराध होने से हिरासत में लिया वही मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त होने से बंगाली कॉलोनी नाले से 1200 किलोग्राम महुआ लहान एवं शराब निर्माण सामग्री एवं 42 लीटर हाथ भट्टी मदिरा बरामद हुई।

आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्रवाई के दौरान आबकारी टीम में आबकारी उप निरीक्षक नर्मदापुरम बी वासुदेवाचार्य त्रिपाठी,आर एस राठौर प्रधान आरक्षक राम दत्त शर्मा, आरक्षक मदन सिंह रघुवंशी , नर्मदाप्रसाद मेहरा महिला आरक्षक भावना यादव का विशेष योगदान था। जिला आबकारी अधिकारी अरविंद सागर द्वारा बताया गया कि नर्मदापुरम जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध मदिरा के खिलाफ सूचनायें एकत्रित कर लगातार कार्यवाहियां की जा रही है एवं आगामी समय में भी प्राप्त सूचनाओं के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## नए वर्ष में यातायात को सुचारू करने बनेंगे ई-चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नया वर्ष 2024 जिले में नई उम्मीदों को लेकर आ रहा है। वर्ष 2023 की पुरानी यादों को भुलाकर नई उम्मीदों की उड़ान भरने का उत्साह युवाओं में नजर आने लगा है। ऐसे में जिले की कानून व्यवस्था एक चुनौती बनी हुई है। जिले में यातायात को व्यवस्थित रखने के लिए पुलिस के द्वारा जागरूकता के साथ ही जुर्माने की कार्रवाई भी की जाती है। समय-समय पर न्यायालय, सरकार और पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर विशेष अभियान भी चलाए जाते हैं। इस सख्ती का असर पूरी तरह तो नहीं होता, मगर कुछ हद तक जरूर होता है। हालांकि इतने वर्षों से शहरी क्षेत्रों में दो पहिया वाहन चालक हेलमेट लगाने के साथ ही दो सवारियों के नियम का पालन नहीं कर पा रहे है। वहीं चार पहिया वाहन चालक सीटबेल्ट पहनना जरूरी नहीं समझ रहे है। हालांकि कुछ लोग जागरूक भी हुए है, लेकिन यह नाकाफी है। यातायात की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के प्रयास ट्राफिक पुलिस द्वारा किए जा रहे है। अभी वर्तमान समय में बाजार में बेहतर व्यवस्थाओं को बनाने के लिए संयुक्त अमले द्वारा कार्रवाई की जा रही है। आगामी समय में इसे और बेहतर किया जाएगा।

### इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कर शुरू होंगे ट्राफिक सिग्नल

यातायात डीएसपी संतोष मिश्रा ने बताया कि नव वर्ष में मीनाक्षी चौक पर इंफ्रास्ट्रक्चर करवाने की पूरी तैयारी रहेगी। ताकि वहां लगाएं गए ट्रैफिक सिग्नलों को सुचारू



फाइल फोटो

किया जा सके। यह कार्य नगर पालिका की ओर से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नगर में यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए नगर पालिका और पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से प्रयास किए जा रहे है। इसी तारतम्य में प्रतिदिन विशेष क्षेत्रों में कार्रवाई भी की जा रही है। पुलिस ने प्रमुख मार्गों से अतिक्रमण हटाएं जाने के साथ ही आवश्यक रणनीति भी तैयार की है। ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है।

### नए वर्ष में रहेगा ई चालान पर जोर

यातायात को ओर बेहतर व सुचारू करने के लिए नए वर्ष में सख्ती बरती जाएगी। इस दौरान हेलमेट और सीटबेल्ट का पालन नहीं करने वाले वाहन चालक व अंधी रप्तार में वाहन दौड़ाने वाले चालकों पर जुर्माना ई चालान के माध्यम से किया जाएगा। यह ई चालान निमयों का उल्लंघन के बाद उनके घर सीधे तौर पर पहुंचेगा। जिससे हादसों में कमी लाई जाएगी। यह भी उद्देश्य है।

### अटलजी की जयंती पर मनाया जाएगा सुशासन दिवस

**नर्मदापुरम।** 25 दिसंबर अटलबिहारी वाजपेयी जयंती पर मनाया जाएगा सुशासन दिवस - माधव दास अग्रवाल भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म जयंती 25 दिसम्बर को प्रत्येक वर्ष भाजपा सुशासन दिवस के रूप में मानती हैं एवं इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष माधवदास अग्रवाल के निर्देशानुसार 25 दिसम्बर को भाजपा द्वारा जिले के समस्त बूथ स्तर मनाया जाएगा सुशासन दिवस जिला मीडिया प्रभारी अमित माहला ने बताया सभी बूथों पर अटल जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ ही अटलजी के अदभुत व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा की जाएगी। उनकी कविताओं पर काव्यांजलि / कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। प्रत्येक बूथ पर रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केन्द्र सरकार गरीबों एवं किसानों के कल्याण के प्रति समर्पित है। प्रत्येक बूथ पर लाभार्थियों के बीच में सरकार की योजनाओं, उपलब्धियों एवं सुशासन की चर्चा होगी।

## डोंगरवाड़ा जगदीश मंदिर में गीता जयंती का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

गीता अमृतम सत्संग धारा द्वारा रविवार को ग्राम डोंगरवाडा स्थित निर्माणधीन भगवान जगन्नाथ मंदिर प्रांगण में गीता जयंती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ आशुतोष शर्मा ने कहा कि व्यक्ति चार प्रकार के कहे गए हैं। उसमे श्रेष्ठ वे होते हैं, जो सभी के लिए सुख की कामना करते हैं। ज्ञात रहे कि गीता अमृतम सत्संग संस्था द्वारा पिछले इस वर्ष से प्रति एकादशी को गीता का पाठ किया गया, जिसका आज समापन हुआ। इस अवसर पर गीता के पंद्रहवें अध्याय पुरुषोत्तम योग का पाठ किया गया।

इस अवसर पर संतोष व्यास ने कहा कि व्यक्ति की वास्तविक सम्पदा विचारों में होती है, जो स्वाध्याय से आते हैं। उन्होंने गीता के गूढ़ रहस्यों को बहुत ही साधारण तरीके से समझाया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को गीता प्रबोधनी उपहार स्वरूप दी गई। कार्यक्रम में हर्ष तिवारी, चित्र हरने, राजेश राजपूत, प्रमोद शर्मा ने अपने अनुभव सांझा किए। संचालन अमित पाराशर और आभार स्वामी प्रसाद दास ने किया। आगे गीता पाठ हर एकादशी को यथावत करने का निर्णय किया गया।

### पंचायत उप निर्वाचन के तहत मतदान 5 जनवरी निर्धारित

**नर्मदापुरम।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतों के उप निर्वाचन का कार्यक्रम जारी कर दिया गया। मतदान 5 जनवरी, 2024 को होगा। पंचायतों उप निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन और नाम निर्देशन-पत्र प्राप्त करने का कार्य 15 दिसम्बर, 2023 से शुरू हो गया है। नाम निर्देशन-पत्र 22 दिसम्बर तक लिये जायेंगे। नाम निर्देशन-पत्रों की जाँच 23 दिसम्बर को होगी। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 26 दिसम्बर है। इसी दिन निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन होगा। पंचायतों में मतदान 5 जनवरी, 2024 को सुबह 7 से अपरान्ह 3 बजे तक और नगरीय निकायों में सुबह 7 से शाम 5 बजे तक होगा। पंचायत उप निर्वाचन में पंचायत पद के लिये मतगणना मतदान के तुरंत बाद मतदान केन्द्र में ही होगी। सरपंच की ईव्हीएम में की जाने वाली मतगणना 9 जनवरी को संबंधित विकासखण्ड मुख्यालय पर सुबह 8 बजे से की जाएगी।

## कृषि, स्वास्थ्य, पेंशन, श्रम, पंचायत, राजस्व इत्यादि विभागों द्वारा योजनाओं संबंधित स्टॉल लगाए गए

### संकल्प यात्रा का ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

विकसित भारत संकल्प यात्रा रविवार को जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंची। जनपद नर्मदापुरम के ग्राम पांजराकला में संकल्प यात्रा का ग्रामीणों द्वारा उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। विधायक नर्मदापुरम डॉ सीतासरन शर्मा के मुख्य आतिथ्य में हितलाभ वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विधायक डॉ शर्मा द्वारा विभिन्न योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे, जनपद सीईओ हेमंत सुत्रकार सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहें। पांजराकला सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों में हितलाभ वितरण कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें केंद्र और राज्य सरकार की प्रमुख




योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को हितलाभ वितरण किया गया। कार्यक्रम में कृषि, स्वास्थ्य, पेंशन, श्रम, पंचायत, राजस्व इत्यादि विभागों द्वारा योजनाओं संबंधित स्टॉल भी लगाए गए।

जहां ग्रामीणों ने योजना से संबंधित जानकारी प्रदान की गई और आवेदन भी लिए गए। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना , इत्यादि विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने अपनी सफलता की कहानी भी बयां की। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने विकसित भारत के संकल्प की शपथ ली। विकसित भारत संकल्प यात्रा रविवार को नर्मदापुरम जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत पांजराकला और मेहराघाट में, सिवनीमालवा अंतर्गत ग्राम पंचायत कजली और बाबरी, जनपद पिपरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत सांडियां और माथनी, जनपद केसला अंतर्गत ग्राम पंचायत घोघरारैयत और झुंकर, जनपद बनखेड़ी अंतर्गत ग्राम पंचायत उमरधा और मेहरगवां, जनपद माखननगर अंतर्गत ग्राम पंचायत सांगाखेड़ाकला और कद्धेया में पहुंची यहां हितलाभ वितरण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त किए गए और अनेक विभागों द्वारा लगाए गए शिविरों में हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। 25 दिसंबर को नर्मदापुरम जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत मेहरागांव और सोनासावरी में, सिवनीमालवा अंतर्गत ग्राम पंचायत निपनिया और झकलाय, जनपद पिपरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत सुरेलाकिशोर और खेरा, जनपद केसला अंतर्गत ग्राम पंचायत सहेली और ताकू, जनपद बनखेड़ी अंतर्गत ग्राम पंचायत ईशरपूर और गरधा तथा जनपद माखननगर अंतर्गत ग्राम पंचायत मढ़ावन और मोहसा में संकल्प यात्रा पहुंचेगी।

### दिव्य पुष्प विकलांग कल्याण संघ का प्रयास...

# बच्चों की सुरीली आवाज ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदा कॉलेज का ऑडिटोरियम रविवार को तालियों से गूंज उठा। जब मंच से यह तो सच है कि भगवान, अंखियों के झरोखों से, नीले-नीले अंबर पर चांद जब आए....जैसे गीतों को अपनी सुरीली आवाज में गाकर बच्चों ने समां बांध दिया। इस दौरान बच्चों द्वारा डांस और मिमिक्री भी की गई। दरअसल दिव्य पुष्प विकलांग कल्याण संघ बुरहानपुर के तत्वावधान में रविवार शाम को दृष्टि बाधित बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें दृष्टि बाधित बालक-बालिकाओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुतियां दी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष नीतू यादव, विकलांग संघ के अध्यक्ष धर्मेंद्र भंडारी रहे। मां सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्जवलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। 20 से ज्यादा दृष्टिबाधित बालक-बालिकाओं ने गायन नृत्य और नाटक, मिमिक्री की प्रस्तुति




दी। आयोजक अश्वनी पाल ने बताया दृष्टि बाधित बालक बालिकाओं का उत्साह वर्धन करने व समाज में दृष्टि-बाधित लोगों के प्रति जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया ग़या।

कार्यक्रम का विषय 'प्रयास द होप टुवड्र्स विजन' रहा। दृष्टि बाधित बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए यह मंच दिया गया। जिसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाकर कार्यक्रम में आए लोगों का मनमोह लिया। नरेंद्र सेजकर ने अमिताभ बच्चन, एहसान कुरैशी की मिमिक्री की। प्रस्तुति देने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित गए। एंकरिंग भी दृष्टिबाधित बच्चों ने की। कार्यक्रम में अग्रवाल समाज आनंद अग्रवाल, मनोज भदोरिया, आशीष चटर्जी, डीएस दांगी, प्रसाद बाबा, रेखा रतनानी उपस्थित रहे।

## नववर्ष के आगाज के लिए तैयार पचमढ़ी की वादियां



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

सर्द और सुहाने हो चुके मौसम में लोग छुट्टियां बिताने को तैयार है। ऐसे में पचमढ़ी उत्सव की तैयारियां जोरों पर है। पचमढ़ी उत्सव 29 दिसंबर से 1 जनवरी तक चलेगा जो पर्यटकों को नए अनुभव और रोमांच देगा। अगल-अलग एडवेंचर, एक्टिविटी व धूपगढ़ में योग नए वर्ष आगाज होगा। हिल स्टेशन पचमढ़ी में अभी से सैलानियों की भीड़ पहुंचने लगी है। लोग खुशियां मनाने निजी होटलों में एडवांस बुकिंग करा चुके हैं। पचमढ़ी उत्सव के साथ ही धूपगढ़ से सूरज के दीदार को लोग उत्साहित है।

मप्र सहित अन्य प्रदेशों के सैलानियों का डेरा पचमढ़ी में डला हुआ है। हालांकि मौसम में परिवर्तन के कारण तापमान में उतार चढ़ाव देखने को जरूर मिल रहा है, लेकिन नववर्ष में कड़ाके ठंड भी लोगों को रोमांचित करेगी।

## निर्मल नर्मदा की थीम पर आज दौड़ेगा नर्मदापुरम

### अतुल्यम वेलफेयर सोसायटी करवा रही आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

निर्मल नर्मदा की थीम पर अतुल्यम वेलफेयर सोसाायटी द्वारा आज सुबह 7 बजे से रन नर्मदापुरम रन का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम इस बार निर्मल नर्मदा की थीम पर आयोजित होगा। इसके साथ ही स्वच्छता के प्रति आमजनों को प्रोत्साहित भी करेगा। सोसायटी के अध्यक्ष भरत भदौरिया ने बताया कि कार्यक्रम में सम्मिलित होने प्रतिभागी को सोसायटी की और से टी शर्ट, अंकुरित आहार व सर्टिफिकेट प्रदान किए जाएगे। 5 किमी की दौड़ पुलिस परेड ग्राउंड से प्रारंभ होकर मीनाक्षी चौक, सतरास्ता, जयस्तंभ चौक, गांधी चौक, सर्किट हाउस चौराहा,कोठी बाजार,कलेक्ट्रेट,एसपी बंगला होते



हुए पुलिस परेड ग्राउंड में संपन्न होगी। प्रतियोगिता की कुल पुरूस्कार राशि 40 हजार रूपए रखी गई है। जिसमें 5 किमी दौड़ में पुरूष वर्ग में 6 हजार रूपए प्रथम और द्वितीय 4 हजार दिए जाएगे। साथ ही 15 साल से कम उम्र वाले प्रथम 2 विद्यार्थियों को एक हजार व द्वितीय को 500 रूपए इनाम मिलेगा। 60 वर्ष से अधिक उम्र के 2 धावकों को ट्रॉफी एवं मेडल से सम्मानित किया जाएगा। दौड़ के पहले धावकों टी शर्टों का वितरण किया जा चुका है।

## खबर संक्षेप

### एक दिवसीय कार्यशाला 25 दिसंबर को

**बैतूल।** मुख्यालय के हमलापुर स्थित शासकीय कर्मचारी आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास में 25 दिसंबर को सुबह 11 बजे से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि सिपेट कौशल व तकनीकी सहायक केन्द्र (सीएसटीएस) भोपाल ने अनुसूचित जनजाति के 150 व अनुसूचित जाति (बीपीएल) वर्ग के अर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के 90 पदों के प्रशिक्षण के लिये अधिसूचना मिली है। सोमवार को आयोजित कार्यशाला के दौरान संस्था में मशीन ऑपरेटर- इंजेक्शन मोल्डिंग मशीन ऑपरेटर प्लास्टिक प्रोसेसिंग के पदों के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण के लिये आवेदकों की शैक्षणिक योग्यता 10वीं उत्तीर्ण व आयु 18 वर्ष से 35 वर्ष होनी चाहिए। प्रशिक्षण पाठयक्रम की अवधि 6 माह (960 घंटे) की होगी। प्रशिक्षण के दौरान छात्रावास, भोजन, यूनिफार्म कीट, सेटी शूज, पाठ्य सामग्री निशुल्क संस्था द्वारा दी जाएगी।

### जिला स्तरीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर 30

**बैतूल।** अखिल भारतीय साहू वैश्य महासभा दिल्ली, युवा साहू समाज सेवा संगठन बैतूल एवं ओम आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं श्री ओम हॉस्पिटल भारत भारती जामठी के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय निःशुल्क स्वास्थ्य एवं शल्य चिकित्सा सर्जरी शिविर का आयोजन साहू समाज के राष्ट्रीय गौरव दिवस समारोह के अवसर पर 30 दिसंबर दिन शनिवार को सदर रैन बसेरा अंबेडकर मंगल भवन में दोपहर 12 से 3 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

### आरओबी के निर्माण में नहीं रखा गुणवत्ता का ध्यान, समय से पहले उखड़ने लगा

# 3 साल में ही 11 करोड़ की लागत से बने आरओबी में दिखने लगे बड़े-बड़े गड्ढे

**ब्रिज निर्माण में जिन तारों का प्रयोग किया गया, वह गड्ढों में से झांकते हुए दिखाई दे रहे हैं**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

सुनो सरकार.. ये तो हद ही हो गई है लापरवाही की... शहर के एक मात्र ओवरब्रिज की खस्ताहाल सड़क को देखकर तो कुछ नहीं कहा जा सकता है। शहर के मंडी क्षेत्र और सौ से अधिक गांवों को शहरी क्षेत्र से जोड़ने वाला ओवरब्रिज बड़े उतार-चढ़ाव के बीच निर्माण हुआ था, लेकिन तीन साल के भीतर ही रेलवे ओवर ब्रिज पुल पर बड़े-बड़े गड्ढे दिखने लगे हैं। ब्रिज की सड़क खस्ताहाल हो चुकी है, लेकिन जिम्मेदारों का कोई ध्यान नहीं है।

ज्ञात रहे कि करीब तीन साल पहले 11 करोड़ की लागत रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण हुआ था। सीहोर में कई सालों बाद रेलवे ओवरब्रिज बनने बनने पर शहर के लोगों में असीम उत्साह था। लोगों का कहना था कि अब फाटक बंद होने की जिल्लद से मुक्ति मिल जाएगी। लेकिन ओवर ब्रिज तीन साल में ही बदहाल नजर आने लगा है। रेलवे ओवर ब्रिज की हालात इतनी खराब है कि ब्रिज पर जगह-जगह बड़े गड्ढे साफ-साफ नजर आ रहे हैं, लेकिन जिम्मेदारों का इस तरफ कोई ध्यान नहीं है।

#### 4 साल के लंबे समय में बनकर तैयार हुआ था ब्रिज

पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान के गृह जिले सीहोर में कई गांव को सीहोर शहर से जोडऩे के लिए रेलवे ओवर ब्रिज चार साल में बनकर तैयार हुआ था। ओवर ब्रिज का निर्माण सेतु विभाग निगम एवं रेलवे द्वारा किया गया। इस कार्य में 3 से 4 साल लगे। 4 साल के इंतजार के बाद 2020 में कांग्रेस शासन काल में आनन-फानन में पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने इस ब्रिज का उद्घाटन किया था।

#### कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

जानकारों की मानें तो ओवरब्रिज में बन चुके गड्ढों को शीघ्र ही मरम्मत नहीं कराई गई तो ये गड्ढे बड़े हादसों का कारण बन सकते हैं। ज्ञात रहे कि रेलवे ओवर ब्रिज वैसे भी सर्पिलाकार बना हुआ है। तेज गति में निकलने वाले वाहनों के चलते हमेशा हादसों का डर बना रहता है। इसके बाद भी



ब्रिज की सड़क पर जगह-जगह बन चुके गड्ढों की मरम्मत नहीं की जा रही है। हालात ये है कि ब्रिज निर्माण में जिन तारों का प्रयोग किया गया, वह गड्ढों में से झांकते हुए दिखाई दे रहे थे।

### आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

## 10 घंटे के भीतर पकड़ाया जीजा का हत्यारा साला



**सारनी।** रिश्तो में जब कड़वाहट आ जाए तो निश्चित तौर से रिश्ते का खत्म होता है और परिणाम हत्या तक पहुंच जाता है कुछ इसी तरह का नजारा 21 दिसंबर की रात मे कोयलांचल क्षेत्र पाथाखेड़ा के ड्रिलिग कैंप में देखने को मिला । यहां पर आरोपी साले संदीप पिता लिप्पा उइके उम्र 26 साल में अपने 53 वर्ष की जीजा अशोक कवडे के सर पर बागड़ा कबेलू मारकर मौत के घाट उतार दिया था।

घटना की जानकारी पाथाखेड़ा चौकी प्रभारी दिलीप यादव को लगता ही उन्होंने सारनी थाना प्रभारी अरविंद कुमरे, एसडीपी रोशन कुमार जैन को देने का कार्य किया जिस पर मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का अवलोकन किया गया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया इस मामले में बैतूल पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ चौधरी के माध्यम से सारनी एसडीपी को निर्देशित किया गया कि इस मामले में हत्या को अंजाम देने वाले आरोपी को किसी भी कीमत से क्षेत्र से बाहर भागना नहीं चाहिए। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल जोशी के निर्देश सारनी एसडीओपी रोशन कुमार जैन के आदेश पर थाना प्रभारी अरविंद कुमरे के माध्यम से एक दल का गठन किया गया। जिसमें पाथाखेड़ा चौकी प्रभारी दिलीप यादव सहित पुलिस बल को शामिल करके हत्या को अंजाम देने वाले संदीप उइके को पकड़ने कई स्थानों पर दबी दी गई । लेकिन उसे पकड़ने में सफलता नहीं मिली मूकबीर की सूचना पर संदीप उइके को पाथाखेड़ा बस स्टॉप से गिरफ्तार करके आरोपी को न्यायालय पेश किया गया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है। यह सभी कार्रवाई घटना के 10 घंटे के भीतर करने का कार्य पाथाखेड़ा पुलिस के माध्यम से किया गया जिसकी संपूर्ण क्षेत्र में भूरी भूरी प्रशंसा की जा रही है।

#### जेल भेज दिया

अशोक कवड़े पिता झाम सिंग कवडे और संदीप उनके के बीच में उनके मुंह बोली बहन को लेकर कोई विवाद हुआ और विवाद इतना बढ़ गया कि संदीप ने उसके मुंह बोले जीजा के सर पर कबेलू मार दिया जिससे उनकी सुबह मौत हो गई आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 344 धारा 302 के तहत अपराध पंजीकृत कर उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

**दिलीप यादव**, पाथाखेड़ा चौकी प्रभारी

### भारत रत्न अटल जी की मनाई जयंती

## अटल नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित हुईं महिलाएं



**बैतूल।** राधाकृष्ण धर्मशाला गंज में आयोजित अभिनव कार्यक्रम में अटल सेना ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेयी का रविवार एक दिन पूर्व जन्मदिन मनाया साथ ही संगठन का 16वां स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आरडी पब्लिक स्कूल की संचालिका समाजसेवी रितु खण्डेलवाल उपस्थित थी। कार्यक्रम का शुभारंभ रितु खण्डेलवाल ने अटल जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक राजेन्द्र सिंह चौहान (केण्ड बाबा) ने बताया की अटल सेना का स्थापना दिवस के अवसर पर भारत रत्न श्री अटल विहारी वाजपेयी जी के प्रेरक प्रसंग सुनाए। उन्होने बताया की 16वर्षो से संस्था नारी शक्ति, पीडित, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने व उनकी बुलंद आवाज बनने का कार्य कर रही है। उन्होने बताया कि भारत रत्न अटल जी के स्वर्गवास पर विधिवत गंज मोक्षधाम में पहुंचकर विधि विधान से सिर मुण्डनकरा कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए थे साथ ही समिति की महिला सदस्यों ने अपने केश दान किए थे जबकी महिलाओं को केश सबसे प्रिय होते हैं। रितु खंडेलवाल ने अटल नारी शक्ति सम्मान से सरीता पॉल, सुनीता राठौर, माधुरी पण्डाग्र, नर्मदा शेषकर, सुनीता कटिहार, प्रतिभा दाते, कुसमा मालवीय को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि श्री अटलजी जहां सौम्यता के प्रतिक थे वहीं दृढ़ संकल्प के भी प्रतीक थे। उन्होंने कहा की अटल सेना का कार्य बेहद प्रशंसनीय है। जो हमेशा जनहित कार्यों में लगी रहती है। कार्यक्रम में अटल सेना की श्रीमती प्रीकि तालमपुरिया, कीर्ति नामदेव, सेंवती साहू, सुशीला मालवीय, निर्मला झाडे, सिन्धू साहू, लक्ष्मी विश्वकर्मा, कृष्णा नामदेव, रजनी पालमपुरिया, ज्योति राठौर, डॉली चौकीकर, सुनीता साहू, आशा चन्देल, प्रीतेश मालवीय, संदीप गुप्ता, श्रेयांश चौहान सौरभ बाड़मुदे आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शैलेन्द्र बिहारिया ने किया उन्होने अटल जी की कविताओं का वाचन किया। आभार सुनीता साहू ने व्यक्त किया।

### एनएसएस ने मनाया सुशासन दिवस



**बैतूल।** सुशासन दिवस के अवसर पर जेएच कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की संयुक्त इकाई के स्वयंसेवको द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.विजेता चौबे के मार्गदर्शन में जिला संगठक डॉ.सुखदेव डोंगरे, डॉ.मिनाक्षी चौबे, कार्यक्रम अधिकारी डॉ.गोपाल प्रसाद साहू, डॉ.शीतल खरे की उपस्थिति में शपथ ग्रहण कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर डॉ.विजेता चौबे ने कहा सुशासन दिवस भारत में प्रतिवर्ष पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती के रूप में मनाया जाता है। सरकार में जवाबदेही के भारतीय लोगों के बीच जागरूकता को बढ़ावा देकर श्री वाजपेयी को सम्मानित करने के लिए 2014 में सुशासन दिवस की स्थापना की गई थी। इस कार्यक्रम में रासेयो के 50 स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयुष घिंडोड़े, सुरभि जैन, कुणाल केकरपुरे, अंजली नागोरे, ऋषक पारिसे, किरण कोडले आदि का सराहनीय योगदान रहा।

### मरीजों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

## खंडेलवाल की 45वीं पुण्यतिथि पर निःशुल्क रोग निदान शिविर

**बैतूल।** रविवार को स्वर्गीय जीडी खंडेलवाल जी की 45वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित स्व. श्री. जी.डी. खंडेलवाल मेमोरियल ट्रस्ट, बैतूल, द्वारा निशुल्क रोग निदान चिकित्सा शिविर होटल आभाश्री, सिविल लाइन, बैतूल में आयोजित किया गया। इस शिविर में गणमान्य, नागरिकगण उपस्थित थे। उक्त शिविर में लगभग 100 से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में आये नागपुर के सुप्रसिद्ध डॉ. अभिनव केसरकर, डॉ. अमित निकम द्वारा डायबीटीस (मधुमेह) सामान्य जोडों का दर्द, रीड़ की हड्डी की जांच, चर्म रोग ब्लड प्रेशन आदि से पीड़ित मरीजों के लिये रोग की जांच की गई। डॉ. प्रियेश पात्रीकर द्वारा भी मरीजों को परामर्श दिया गया। इस अवसर पर राजा ठाकुर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए स्व. श्री जी.डी. खंडेलवाल के नेतृत्व में किये गये कार्यो को याद किया। उक्त शिविर का प्रारंभ स्व. श्री जी.डी. खंडेलवाल जी की छायाचित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर पुष्प भेंट कर किया गया। उक्त शिविर में, बिरदीचंद पगारिया, राजा ठाकुर, राकेश द्विवेदी, नानक आहुआ वरिष्ठ संपादक प्रतिदिन अखबार अमरावती, राजीव खंडेलवाल, हेमंत चंद दुबे (बबलु)



दिलकुश ग्रुप के उत्तम दीक्षित, अशोक पांडे, डॉ. विजय कुमार श्रीवास्तव, राहुल ज्ञान अग्रवाल, शारदा प्रसाद तिवारी, दीपक दुबे, डॉ. विजय कुमार पांडे, रामकिशोर मालवीय, अनूप तिवारी, राजेश आहूजा, अंकित वर्मा, सुरेश्वर दुबे (लल्ला भैया), दीपक कपूर, दिलीप नासेरी, संजय (पप्पी) शुक्ला, अतीत पवार, के. के गुप्ता, भीमराव खंडाग्रे, श्रवण कोसे, तीरथ सिंह सिसोदिया, संजीय डफरे, रानीदान लुनिया, योगेश तिवारी, राहुल गोरिया, पीयूष भावसार, मयंक राठौर, पवन पवांर, दीपक सैनानी, राजा घोटे, चैतराम कास्देकर, शलभ खंडेलवाल, कुवरलाल नागले, बबलू यादव, राजकुमार अंघोरे, राजेश देशमुख, भूषण पंडाग्रे, अनिल खोबरे, पंकज कमाविसदार, बब्बु बाथरी, आदि लोग उपस्थित हुये। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार मेनेजिग ट्रस्टी योगी खंडेलवाल द्वारा किया गया।

## पाथाखेड़ा में सूदखोरों का आतंक, व्यापारी ने सुसाइड नोट लिखकर छोड़ा घर परिवार

### परिजन ने पुलिस थाने में की मामले की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

कोयलांचल क्षेत्र पाथाखेड़ा में इन दोनों सूदखोरों का आतंक कुछ इस कदर से बढ़ता जा रहा है कि व्यापारी सुसाइड नोट लिखकर अपना घर परिवार छोड़कर भागने को मजबूर हो रहे हैं। जिसका जीता उदाहरण पाथाखेड़ा के अस्पताल कॉलोनी के अभिषेक किराना दुकान के संचालक का है। बताया जाता है कि शनिवार सुबह 5 बजे अभिषेक साहू के माध्यम से शहर के चुनिंदा लोगों के खिलाफ एक सुसाइड नोट लिखकर अपने घर से भाग खड़े हुए। उनके अचानक घर से चले जाने के बाद मामला प्रकाश में आया और परिजनों के माध्यम से पाथाखेड़ा पुलिस को लिखित शिकायत देकर सूदखोरों के आतंक से भयभीत होकर अभिषेक साहू के सुसाइड नोट लिखकर जाने की शिकायत की है। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए इसमें गुमशुदगी कायम करके खोज बिन शुरू कर दी। हालांकि अभिषेक साहू के रिश्तेदारों के माध्यम से कल देर रात को अभिषेक साहू को भोपाल से आवास लाने का कार्य किया गया है। बताया जाता है कि बीसी सोसाइटी के नाम पर 17 लाख रुपए लेने की वजह से मानसिक रूप से परेशान होने के कारण वह अपने कारोबार को छोड़कर सुसाइड नोट लिखकर जाने को मजबूत हुए बताया जाता है कि कोयलांचल क्षेत्र पाथाखेड़ा,शोभापुर बगडोना क्षेत्र में रविंद्र, अनिल और गुड्डू नमक लोगों के माध्यम से आरबीआई के नियमों के विरुद्ध बैंकों को सीधे नुकसान पहुंचा कर बीसी सोसाइटी के नाम पर सूदखोरी का मायाजाल फैला रखा है। यदि इसकी निष्पक्ष जांच हो तो यह मामला 7 से 10 करोड़ के बीच का होना आंका जा रहा है।

#### रुपए मांगने पर अनिल खा लेता है जहर

वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड पाथाखेड़ा की भूमिगत खदान में काम करने वाले अनिल के माध्यम से वेकोलि के आवास पर बाल 12 लाख रुपए खर्च करके शाही जिंदगी जीने का काम कर रहा है। इनके माध्यम से बीसी सोसाइटी पर पैसा इन्वेस्ट करने वाले लोगों के लगभग दो करोड़ से अधिक की राशि हजम करने का आरोप है। जब भी व्यापारियों के माध्यम से अनिल से रुपए मांगने का कार्य करते हैं तो अनिल के माध्यम से जहर खाकर कभी वेकोलि पाथाखेड़ा के अस्पताल तो कभी नागपुर में उपचार के नाम पर भर्ती हो जाती है। यदि उनके कार्य प्रणाली की जांच की जाए तो पता चलेगा कि कई लोगों ने इनके आतंक की वजह से सुसाइड का रास्ता अपने को मजबूर हुए ऐसे लोगों की निष्पक्ष जांच करके इन्हें सलाखों के पीछे धकेल जाना चाहिए ताकि दूसरे व्यापारी और ग्रामीणों को उनकी सूतखोरी से निजात मिल सके।

#### बयान नहीं दिया है...

रुपए के लेनदेन के मामले की वजह से अभिषेक साहू के द्वारा सुसाइड नोट लिखकर घर छोड़कर जाने का कार्य किया गया है। अभी उनके द्वारा पाथाखेड़ा चौकी में आकर बयान नहीं दिया गया है। वह घर आए हैं या नहीं इसकी भी जानकारी नहीं है । उनके आने और बयान देने के बाद ही मामला स्पष्ट होगा।

**दिलीप यादव**, पाथाखेड़ा चौकी प्रभारी


### नारायण साहू अब तक 20 निर्धन बहनों का करवा चुके हैं विवाह

# नारायण को सामाजिक चिंतक की उपाधि से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

रविवार को मंडीदीप नगर पालिका अध्यक्ष के आवास पर नारायण साहू को पर्यावरण संस्कृति संरक्षण एवं मानव कल्याण ट्रस्ट की तरफ से सामाजिक चिंतक की उपाधि से सम्मानित करने का कार्य किया गया है।

इस अवसर पर पर्यावरण संस्कृति संरक्षण एवं मानव कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष सुशील कुमार जैन ने कहा कि वर्तमान परिवेश में व्यक्ति अपने ही बोझ को उठा नहीं पा रहा है। अपने ही रिश्तो को निभा नहीं पा रहा है ऐसी स्थिति में निर्धन गरीब 51 कन्याओं का विवाह करने का संकल्प लेना वाकई बड़ी उपलब्धि से काम नहीं है।रविवार को पर्यावरण संस्कृति संरक्षण एवं मानव कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष सुशील कुमार जैन,मंडीदीप नगर पालिका अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल,संयम जैन की उपस्थिति में नारायण साहू जिन्होंने 51 कन्यादान का संकल्प लिया है।उन्हें सामाजिक चिंतक की उपाधि प्रदान की गई है। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने कहा जहां आज वर्तमान परिवेश में रिश्तो को निभाना आम आदमी के लिए कठिन होता हैं। वहां पर मंडीदीप की गरीब बहनों के भाई नारायण साहू अपनी सीमित आय में से गरीब कन्याओं का संकल्प पूर्वक कन्यादान कर रहे हैं। जो अपने आप में किसी उपलब्धि से काम नहीं है।इस मौके पर नारायण साहू ने बताया कि जब मैं गरीब परिस्थितियों से गुजर रहा था तब मेरे सिर पर कोई साया नहीं था जिसका मुझे हमेशा एहसास होता रहता।इसके बाद मन में गरीब कन्याओं की सहायता करने का विचार आया।जिन कन्याओं के माता या पिता नहीं होते हैं उनका विवाह कराके मन प्रफुल्लित हो जाता है।इसका बीड़ा उठाते हुए 51 कन्याओं का विवाह कराने का मैंने संकल्प लिया और अभी सोमवार को 20 वीं कन्या का विवाह संपन्न कराया गया है। उन्होंने कहा जो कन्या जिनके मां-बाप कोई नहीं है वह निर्धन है ऐसी बहनों को चिन्हित करके उनके विवाह में ही उनके खून पसीने की राशि को संयोजन करने का कार्य किया जाता है उन्होंने कहा कि इन निर्धन और मां-बाप विहीन बहनों का विवाह करने के बाद जो आनंद और जो आशीर्वाद प्राप्त होता है उसे किसी भी पैसे से या सामाजिक सरोकारों से जुदा नहीं जा सकता है उन्होंने कहा कि जिसका जन्म होता है उसकी मृत्यु निश्चित है उसके बाद भी लोग इस पृथ्वी लोक पर आकर मोह माया और वहम का जीवन जीने के लिए जाने जाते हैं उन्हें धार्मिक और सामाजिक सरोकार के अलावा आध्यात्मिक कार्यों से भी जुड़ाव रखने चाहिए जो मनुष्य के कर्मों को महान बनाने का कार्य करता है इस अवसर पर बड़ी संख्या में मंडीदीप के लोग उपस्थित रहे।



### दूधिया रोशनी से जगमग होगा महावीर वार्ड

## वार्ड का चौमुखी विकास करना मेरी पहली प्राथमिकताः दशरथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

महावीर स्वामी वार्ड का चौमुखी विकास करना मेरी पहली प्राथमिकता है और इसी तारतम्य के अंतर्गत छतरपुर चौक एवं स्वागत द्वार पर हाई मार्क्स के खंभे लग चुके हैं। सोमवार को यह संपूर्ण वार्ड दूधिया रोशनी से जगमगा उठेगा। हालांकि पूर्व में हवाई पट्टी पर एक हाई मार्क्स लगाया जा चुका है।


यह बात बगडोना महावीर स्वामी वार्ड क्रमांक 36 के पार्षद दशरथ सिंह जाट ने हमारे प्रतिनिधि से चर्चा करते हुए व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा सड़क, बिजली,जलआवर्धन योजना के अंतर्गत वार्डों में प्रत्येक घरों में नल कलेक्शन दिलाने का काम उनके माध्यम से बड़ी प्राथमिकता के साथ करने का कार्य किया जा चुका है। उन्होंने यह भी बताया कि महावीर स्वामी वार्ड नगर पालिका परिषद सारनी का सबसे ज्यादा राजस्व देने वाला वार्ड है और इस वार्ड में मूलभूत सुविधा बहाल करना उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका अध्यक्ष किशोर वरदे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी.के.मेश्राम, क्षेत्रीय विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे के अर्थक सहयोग से महावीर स्वामी वार्ड(बगडोना) में पार्क का निर्माण भी जल्द होगा और इस पार्क के निर्माण होने से वार्ड के लोगों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि महावीर स्वामी वार्ड में लगभग 2 एकड़ भूमि वन विभाग से स्थानांतरण किए जाने की प्रक्रिया अंतिम चरण में चल रही है।जैसे ही या भूमि नगर पालिका परिषद सारनी के नाम स्थानांतरण होगी वैसे ही महावीर स्वामी वार्ड क्रमांक 36 बगडोना में पार्क का निर्माण किया जाएगा।

वर्षों से नीलामी नहीं हुई, हाट बाजार से ग्राम पंचायत को आर्थिक नुकसान

# ग्राम पंचायत में सिसक रहा हाट बाजार रोजगार-बेरोजगार बन घूमने को मजबूर

रोजगार के नए अवसर तो देने के हजारों वादे किए जाते हैं लेकिन नीलामी प्रक्रिया में रसूख के खलल ने ग्राम पंचायत शोभापुर में हॉट बाजार को शुरू नहीं होने दिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




हॉट बाजार भले ही सरकार को हो लेकिन इनमें व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी पंचायत को सौंपी गई है। लेकिन नीलामी प्रक्रिया में रसूख का खलल था जिसके कारण इस विवादास्पद नीलामी प्रकिया को निरस्त कर दिया था। अब हालात यह है कि हॉट बाजार में ही हॉट बाजार सिसक रहा है और जिनके हाथों में रोजगार होना था वह बेरोजगार है। दरअसल पूरा मामाला सोहागपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत शोभापुर का है। जहां वर्षों पहले मुख्य सड़क किनारे हॉट बाजार का निर्माण करवाकर ग्राम पंचायत को सौंप दिया था। विवादास्पद नीलामी प्रक्रिया को निरस्त करते हुए वर्षों से आज जनपद पंचायत कार्यालय से नीलामी की प्रक्रिया के लिए दिखावटी तौर पर पत्राचार तो होता है लेकिन धरातल पर हॉट बाजार की नीलामी के लिए कोई मशक्कत नहीं की जाती है। सूत्र बताते हैं कि उक्त हॉट बाजार में कोई किसी प्रकार का विवाद विशेष भी नहीं है। 15 दिसंबर 23 के पत्र के अनुसार जनपद पंचायत कार्यालय द्वारा नीलामी के लिए दुकानों पर आधिपत्य ग्राम पंचायत का होना तथा ताला-चाबी लगे होने की पुष्टि 3 दिवस के अंदर जनपद पंचायत को देना था लेकिन आज तक जिला पंचायत में उस प्रतिवेदन के संबंध में कोई प्रतिउत्तर जैसी बात नहीं स्वीकार की गई है।

### बेरोजगार, रोजगार की तलाश में

हॉट बाजार निर्माण के पूर्व विभागीय सूत्रों के अनुसार वहां छोटे-छोटे टप रखे थे जिन्हें हटवाते हुए मुख्यमंत्री हॉट बाजार का निर्माण करवाया गया था। अब जब महंगाई अपने चरम पर है तो ऐसे में ग्राम पंचायत के बेरोजगार युवक छोटी-मोटी दुकान खोलकर अपना व अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकते है, लेकिन सचिव राजेंद्र पटेल व जनपद पंचायत की निष्क्रियता के चलते एक ओर पंचायत को आर्थिक नुकसान हो रहा है तो वहीं कुछ परिवार रोजगार से जुड़ने से वंचित हैं।

### निष्क्रियता पंचायत के विकास में बांधा

एक ग्रामीण ने नाम न छापने की शर्त में बताया कि पंचायत स्तर में विकास को गति प्रदान करने के लिए सचिव को दृढ़ इच्छा शक्ति की जरूरत होती है। शोभापुर पंचायत में सचिव राजेंद्र पटेल द्वारा हॉट बाजार सहित अन्य मुद्दों पर विशेष रुचि न दिखाने से ये विडंबनायें आना स्वाभाविक है। राजेंद्र पटेल की एक मात्र शिकायत हॉट बाजार की नहीं आई है ऐसे अनेकों उदाहरण उनकी कार्य प्रणाली के पंचायत के चर्चित है जो वांछनीय विकास को प्रभावित कर रहे है।

**शीघ्र होगी नीलामी**

ग्राम पंचायत में नीलामी के संबंध में कुछ अड़चनों की शिकायत जरूरी मिली थी जिन्हें दूर कर नीलामी करने के लिए निर्देशित किया गया है। शीघ्र नीलामी होगी।

**एसएस रावत,** सीईओ, जिला पंचायत, नर्मदापुरम

## बनखेड़ी चैंपियंस लीग क्रिकेट टूर्नामेंट प्रारंभ

**बनखेड़ी।** बनखेड़ी नगर में बनखेड़ी चैंपियंस लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ रविवार को बनखेड़ी के शासकीय सीएम राइस स्कूल मैदान पर हुआ। क्रिकेट टूर्नामेंट में क्षेत्र की 8 टीमों ने हिस्सा लिया। इस दौरान टूर्नामेंट में क्षेत्र के खिलाड़ियों के साथ-साथ बाहर के खिलाड़ी भी शामिल होंगे। इस अवसर पर बनखेड़ी चैंपियंस लीग क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजक समिति के सदस्य सत्यम सोनी ने बताया कि प्रथम पुरस्कार 81081 रूपए एवं द्वितीय पुरस्कार 51051 रूपए रखा गया है।

# मंदिर में चोरी, चोर ले गए तार और कीमती सामान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद



नगर के स्टेशन रोड स्थित भुवनेश्वरी मंदिर की गैलरी से बोरी में रखें बिजली की तार अनुमानित कीमत 2400 रुपए एवं सजावट की मलाई अनुमानित कीमत 1500 दरमियानी रात कर बोरी समेत उठा कर ले गए। मंदिर समिति ने स्थानीय पुलिस चौकी प्रभारी को आवेदन देकर जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

# खेलः कबड्डी प्रतियोगिता का रोमांच जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी डॉ. अरविंद सिंह चौहान सोशल बेलफेयर एवं खेल अकादमी सोहागपुर में कबड्डी प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता के दूसरे दिन 10 मैच खेल गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार पहला मैच बासखेडा और नरसिंहपुर के बीच खेला गया। बांसखेडा विजय रहा। दूसरा मैच माखननगर और तेलसिर के बीच खेला गया तेलसिर विजय रही। मैच के पूर्व खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए नपा. अध्यक्ष प्रतिनिधि यशंवत पटैल, नन्हू छाबड़िया, शासी निकाय अध्यक्ष कैलाश पालीवाल अकादमी सचिव अश्वनी सरोज, रामबाबू रघुवंशी भगवान सिंह पटेल अभिलाष सिंह चंदेल, शंकर लाल मालवीय अभिनव पालीवाल, अभिषेक चौहान, सौरभ तिवारी, पवन सिंह चौहान, जय राजपूत, रवि उइले आशीष विश्वकर्मा, अंकित कुबरे आदि उपस्थित थे। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार कबड्डी के प्रति लोगो का रुझान सोहागपुर में हो रहे पिछले वर्षो से आयोजनों बढ़ा है। एकेडमी के इस आयोजन को देखने के लिए शहर से काफी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं।

# नगर की इकाई तक पहुंचे पूजित अक्षत कलश

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या से आये पूजित अक्षत कलशों की रविवार को श्री देवल मंदिर पुरानी इटारसी में पूजन का कार्यक्रम देवल मंदिर काली समिति के जयप्रकाश (करिया) पटेल ने किया। इटारसी नगर की बस्ती से आये राम भक्तों को संबोधन करते हुये विश्व हिन्दू परिषद् के विभाग मंत्री शिव राठौर ने कहा कि 495 वर्ष का संकल्प पूर्ण हुआ जिसमें हमारे लाखों लोगों ने बलिदान दिया और आज सत्य की विजय हुई। उन्होंने कहा कि धर्म और राष्ट्र की रक्षा करने वाली आत्मा पुनः नया जन्म लेकर धर्म और राष्ट्र रक्षा के लिये संघर्ष करती हैं, हमारे के पुरखों एवं पूज्य संतों की कृपा से वो परम सौभाग्य दिवस के हम सभी साक्षी बनने वाले जब 22 जनवरी को 495 सालों के बाद श्रीराम अपनी जन्मभूमि पर विराजमान हो रहे हैं। इस अलौकिक उत्सव में सकल हिन्दू समाज की सहभाग हो इस पावन उद्देश्यों से जो अक्षत कलश में भेजे गये हैं, उनको हर हिन्दू परिवार में देकर आग्रह किया कि अपने मोहल्ले का मंदिर और घर राममय हो। अक्षत कलश इकाई केन्द्रों के मंदिर में दर्शन के लिये रखे जायेंगे और 1 से 15 जनवरी तक हिन्दू परिवारों से संपर्क कर उन्हें पीले चावल का न्यौता दिया जायेगा। इस अवसर पर अभियान के जिला सह संयोजक मनोज राय, विहिप जिला मंत्री प्रभात तिवारी, जिला कार्यकारी सदस्य राजकुमार मालवीय, जिला सह धर्म प्रसार प्रमुख जयपाल राजपूत, नगर अध्यक्ष राजकुमार बतरा, नगर कार्यध्यक्ष एवं अभियान नगर संयोजक महेश वलेचानी, अभियान में बूढ़ी माता बस्ती संयोजक एवं बजरंग दल संयोजक संदीप यदुवंशी, नगर सह संयोजक दुष्यंत भदरेले, नगर धर्म प्रसार प्रमुख दिलीप वैष्णव, नगर प्रचार प्रसार प्रमुख रिंकू रैकवार, नगर गौरक्षा प्रमुख अंकित राजपूत, नगर महाविद्यालय प्रमुख राजा साहू, मातृशक्ति नगर सह संयोजिका अर्चना राजपूत, जयदीप प्रजापति, विनोद मालवीय, शिवकिशोर रावत, जयदीप, प्रकाश केवट, किशन यादव, बिट्टू जाटव, हैप्पी, जिम्मी कैथवास आदि मौजूद रहे। संचालन नगर मंत्री चेतन राजपूत ने किया।

# पानी निकासी न होने से राहगीर परेशान

**नीमनमूढ़ा ग्रामवासी नाली निर्माण के लिए नहीं दे रहे जगह**

हरिभूमि न्यूज ⏭ शोभापुर



ग्राम पंचायतों में अमूमन देखा जाता है कि ग्राम पंचायत में सरपंच विकास कार्य के लिए इक्षुक नही दिखते हैं। सोहागपुर ब्लॉक की नीमनमूढ़ा ग्राम में सरपंच जहां सड़क पर पानी भरे होने के बाद पानी निकासी के लिए जद्दोजहद करते दिखे वा सुने गए तो वहीं ग्राम के रहवासी जिनके सामने से नाली निकलना है वो नाली के लिए जगह ना देने के लिए अड़े हुए हैं। जिससे आयदिन रहवासियों को गंदे पानी से निकलने को मजबूर होना पड़ रहा है। दुर्भाग्य कहें ग्रामीणों का उस गांव का जहां पानी निकासी के लिए लोग अपने घरों के सामने से नाली निकलने के लिए जगह देने से मना कर रहे हैं तो प्रशासनिक अमला भी खबरें प्रकाशित होने के बाद निश्चेत पड़ा हुआ है। ध्यान देने वाली बात है कि यह पहला ग्राम नही है जहां निकासी के पानी के लिए ग्रामवासी बाधा बन रहे है इसके पूर्व में भी अजनेरी में जस की तस समस्या निर्मित हुई थी लेकिन तत्कालीन प्रशासन की सूझबूझ के चलते पानी के निकासी की व्यवस्था की गई थी। नीमन मूढा ग्राम में पानी की निकासी ना होने से पूरा एक मोहल्ला परेशान है तो वहीं जिधर पानी निकल सकता है उधर एक तरफ निजी भूमि है तो दूसरी तरफ घरों के सामने से रहवासी जगह देने को तैयार नहीं है। मौके पर हरिभूमि के संवाद दाता ने जाकर ग्रामीणों के सम्मुख सरपंच वा संबंधित रहवासियों से बात की जिस पर एक रहवासी वर्मा ने कहा कि हम जगह नहीं देंगे तो वही निजी भूमि के मालिक के संबंध में पता चला कि वह शासन को नाली निर्माण के लिए जमीन लिखने के लिए तैयार नहीं है तो वहीं एसडीएम ब्रजेंद्र रावत से समस्या के समाधान के बारे में चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि पटवारी और आर आई को भेजकर स्थिति को दिखवाते है। सचिव ने कॉल उठाने में रुचि नहीं दिखाई तो वहीं सरपंच ने सबके सामने कहा कि लोग जगह दे दें तो वह तुरंत काम करवाना प्रारंभ करवा देंगे।

# संकल्प यात्रा पहुंची सांडिया जनप्रतिनिधि रहे नदारत



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत सांडिया में विकसित भारत संकल्प यात्रा जन-जन तक योजनाओं का लाभ पहुंचने के लिए सांडिया पहुंची। यात्रा में ग्राम पंचायत सरपंच प्रताप सिंह, सचिव अनिल पांडे, भाजपा ग्रामीण नेता राजेश मिश्रा, शिवराज राजोरिया सहित कर्मचारी-अधिकारी मौजूद रहे। विदित हो कि भाजपा द्वारा आने वाले लोकसभा चुनाव के कारण योजना जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह यात्रा निकाली जा रही है। लेकिन ग्राम पंचायत सांडिया में जनपद उपाध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य के साथ-साथ भाजपा ग्रामीण के जनप्रतिनिधि इस यात्रा में नहीं पहुंचे। मंच पर सिर्फ सरपंच, उप सरपंच, ग्राम पंचायत सचिव एवं अस्पताल से एएनएम व ग्राम पंचायत के स्टाफ एवं ग्राम के लोग ही उपस्थित रहे। इस दौरान ग्राम पंचायत सचिव अनिल पांडे ने बताया कि विधायक, जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, नपा अध्यक्ष, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सहित सभी जनप्रतिनिधियों को फोन के माध्यम से सूचना दी थी, लेकिन कोई उपस्थित नहीं हुआ। वहीं पर जनपद उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल ने बताया कि उन्हें किसी प्रकार की कोई सूचना नहीं है।

# पूजित अक्षत निमंत्रण कलश की निकली शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बनखेड़ी

श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या राम मंदिर निर्माण के बाद प्राण प्रतिष्ठा के लिए राम जन्मभूमि से पूजित अक्षत निमंत्रण कलश की शोभायात्रा नगर में निकाली गई। नगर के श्री राम जानकी पंचायती मंदिर से कलश यात्रा प्रारंभ हुई। कलश यात्रा प्रमुख मार्ग से होकर स्टेशन रोड हनुमान मंदिर पर समापन हुई। निमंत्रण कलश को बनखेड़ी क्षेत्र के ग्रामीण ग्रामों में पहुंचाया जाएगा। जिसके माध्यम से आगामी 22 जनवरी को होने वाली प्राण प्रतिष्ठा में नागरिकों एवं राम भक्तों को आमंत्रण दिया जाएगा। शोभा यात्रा का अनेक स्थानों पर पुष्प वर्ष से विभिन्न सामाजिक संगठनों ने स्वागत किया। बड़ी संख्या में राम भक्त निमंत्रण कलश शोभायात्रा में शामिल हुए।

# ग्राम पंचायत भवन के सामने गंदे पानी का अंबार, नाली नहीं होने से परेशानी अपार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



जनपद पंचायत ग्राम पचलावरा में ग्राम पंचायत भवन के सामने ही पक्की सड़क होने के बाद भी वहां पर पानी भरा हुआ है। इस कारण ग्रामवासियों को सड़क से निकलने लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं पूरे गांव में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। सफाई कर्मी नहीं होने के कारण गांव में सफाई नहीं हो पा रही है। ठेका देकर नाली की सफाई कराई जाती है। नल जल योजना के अंतर्गत जो पाइप लाइन डाली हुई है घर-घर कनेक्शन तो है लेकिन आज तक चालू नहीं हुए हैं। ठेकेदार के द्वारा नाली एवं सड़क तोड़ दी गई है। पंचायत भवन के सामने से नाली बनाने के लिए जगह भी पड़ी हुई है तथा पंचायत में राशि भी है लेकिन उसके बाद भी नाली का निर्माण नहीं हो रहा है। इस विषय में ग्राम पंचायत के सरपंच प्रदीप मेहरा एवं सचिव अभिषेक पांडे से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि आर आई एस के सहायक केंद्रीय एसडीओ के द्वारा नाली की स जारी नहीं की जा रही है जिसके कहां पर वहां पर नाली का निर्माण नहीं हो पा रहा है। इसलिए वहां पर पानी भरा हुआ है टीएस यानी होने के बाद ही काम प्रारंभ किया जाएगा। इस मामले में एसडीओ राजेंद्र गहरवार ने बताया कि पंचायत के द्वारा प्रस्ताव एवं संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए हैं इसलिए राशि जारी नहीं हो सकी है।

# श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ द्वितीय दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा



यदि आप भगवान को प्राप्त करना चाहते हैं, तो आपको पहले स्वयं को पहचानना होगा कि, आप स्वयं क्या हो परंतु आज के व्यस्तता के दौर में हमारे पास इतना समय भी नहीं है कि हम अकेले बैठकर यह चिंतन करें कि मैं क्या हूं। तुलसीदास जी ने कहा है की बड़े भाग मानुष तन बाबा सूर दुर्लभ सब ग्रंथ ही गवा साधन धाम मोक्ष कारी द्वारा पाही न जेहि पर लोक सवारा हंसराज मेरी मैरिज गार्डन में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस की कथा में बोलते हुए कथा व्यास अनन्या शर्मा ने कहा कि ईश्वर को प्राप्त करने के लिए पहले स्वयं को पहचानना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भगवान कभी जन्म नहीं लेते भगवान अवतार धारण करते हैं भगवान 24 अवतार क्यों धारण किए और किस-किस के रूप में धारण किए इसकी कथा सुनाते हुए अनन्या ने कहा कि भगवान ने प्रथम अवतार सोनकादिक ऋषियों के रूप में लिया द्वितीय अवतार वराह रूप में धारण किया। इसके पश्चात नारद जी की पूर्व जन्म की कथा सुनाते हुए कहा कि संत की कृपा परमात्मा की कृपा से ऊंची होती है नारद जी पर जब संतानों कृपा की तो एक दासी पुत्र महर्षि नारद बन गए उसके पश्चात अनन्या जी ने बताया की पहली बार श्रीमद् भागवत जो की चार श्लोक में थी उसको भगवान ने ब्रह्मा जी को सुने ब्रह्मा जी ने नारद जी को सुने नारद जी ने वेदव्यास जी को सुने और वेदव्यास जी ने सुखदेव जी महाराज को सुनाएं और सुखदेव जी महाराज ने राजा परीक्षित को सुनाइए। इस चतुर श्लोक किए श्रीमद् भागवत को नारद जी ने वेदव्यास जी को विस्तार पूर्वक वर्णन करने के लिए कहा उसके बाद महाभारत के प्रसंग सुनते हुए कहां की जब अश्वत्थामा ने पांडवों से प्रतिशोध लेने के लिए उत्तर के गर्भ में पल रहे राजा परीक्षित पर ब्रह्मास्त्र का प्रयोग किया। इसके पश्चात अनन्या ने भीष्म प्रतिज्ञा का वर्णन करते हुए कहा कि जब भीष्म दुर्योधन के उकसावे पर यह प्रतिज्ञा ले ली कि आज एक न एक पांडव का वध करूंगा तब भगवान श्री कृष्ण ने लीला रचकर द्रोपती को भीष्म के द्वारा अखंड सौभाग्यवती होने का बार दिलवा दिया तब भीष्म ने कहा।

**चाणक्य सर्वधर्म सद्भाव समिति का आचार्य चाणक्य कप टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन**

# अखंड भारत निर्माता ने जीता आचार्य चाणक्य कप

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



चाणक्य सर्वधर्म सद्भाव समिति द्वारा आयोजित आचार्य चाणक्य कप टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताबी मुकाबला अखंड भारत निर्माता क्लब ने जीता। केसीसी क्लब उपविजेता रहा। प्रतियोगिता के बेस्ट बैट्समैन आकाश यादव विल्स क्लब, बेस्ट विकेट कीपर भागीरथ चौरे अन्ना अखंड भारत, बेस्ट बॉलर करन केसीसी क्लब, बेस्ट फील्डर प्रदेश रैकवार भारत क्लब, बेस्ट कैच विशेष जैन महावीर क्लब और मैन ऑफ द सीरिज तरुण चौधरी अखंड भारत क्लब रहे। खेलों के क्षेत्र में विशेष योगदान पर मो. जाफर सिद्दीकी और भागवत सिंह को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के विशेष अतिथि द्रोणाचार्य अवार्ड प्राप्त और गौतम गंभीर जैसे दिग्गज क्रिकेटर और कई दिग्गज खिलाड़ियों के कोच संजय भारद्वाज थे। इस दौरान मप्र तैराकी संघ के अध्यक्ष पीयूष शर्मा, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पंकज चौरे, पूर्व मंत्री विजय दुबे काकूभाई, पूर्व नपाध्यक्ष रवि जैसवाल, श्रीमती नीलम गांधी, जगदीश मालवीय, कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह पटेल, लखन बैस, पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष पंकज राठौर, पार्षद राहुल प्रधान, पूर्व पार्षद अवध पांडेय, राजकुमार केलू उपाध्याय, संतोष सोनी, संतोष राजवंशी सहित अनेक समाजसेवी, सामाजिक कार्यकर्ता, प्रतियोगिता में शामिल 24 समाजों की टीमों के कप्तान और समाजों के अध्यक्ष मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रतियोगिता के संयोजक जितेन्द्र ओझा ने कहा कि ऐसा संभवतः भारत में केवल इटारसी में ही होता है जहां एक साथ इतने समाजों की टीमें एकदूसरे के साथ मैदान पर मुकाबला करती हैं और खेल समाप्त होते ही सब गले मिलकर एकदूसरे का मनोबल बढ़ाते हैं। यही इस शहर की खूबी है। अतिथियों ने भी इस अनूठे आयोजन की प्रशंसा की। इस दौरान 24 समाजों के अध्यक्षों और टीमों के कप्तानों का सम्मान आयोजन समिति की ओर से किया गया। फाइनल की दोनों टीमों के खिलाडि़यों और अतिथियों ने दर्शकों का अभिवादन करने मैदान का पूरा एक चक्कर लगाया और दर्शकों ने भी करतल ध्वनि से अभिवादन स्वीकार किया।

**ऐसा रहा फाइनल मुकाबला**

अखंड भारत निर्माता क्लब और केसीसी क्लब के मध्य फाइनल मुकाबला हुआ। टॉस जीतकर अखंड भारत निर्माता ने पहले क्षेत्ररक्षण चुना। पहले बल्लेबाजी करते हुए केसीसी क्लब ने 7 विकेट के नुकसान पर 91 रन बनाये। टीम के विवेक ने 12 गेंद पर 33 रन बनाये। अखंड भारत के दिव्यम ने 2 ओवर में 10 रन देकर 3 विकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अखंड भारत निर्माता क्लब की टीम ने मैच जीतकर खिताब अपने नाम किया। टीम के तरुण चौधरी 7 गेंद में 30 रन और 2 विकेट, को प्लेयर ऑफ द मैन चुना। अरविंद अवस्थी की स्मृति में सत्येन्द्र अवस्थी ने बेस्ट ऑफ द बेस्ट ट्रॉफी, स्व. अमृतलाल गुरयानी की स्मृति में संतोष गुरयानी, संजय गुरयानी और कन्हैया गुरयानी ने बेस्ट टीम ट्रॉफी प्रदान की।

**इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका**

मैच में लगातार पांच दिनों तक आंखों देखा हाल राकेश पांडेय ने सुनाया। उन्होंने अपने अनूठे अंदाज में कमेंट्री करके दर्शकों का दिल जीत लिया। स्कोरर दीपांशु मालवीय और मोहित वलेचानी रहे। अम्पायरिंग हरीश हनोतिया और उत्तम खाड़े ने की। तकनीकि टीम में आलोक गिरोटिया, राकेश दुबे, अभिषेक ओझा, दिनेश उपाध्याय, जित्तू राजपूत ने सहयोग किया। व्यवस्था में धर्मेन्द्र रणसूरमा, बीजू पाहुरकर और समिति के सदस्यों ने सहयोग किया।

# लापरवाह वाहन चालकों के खिलाफ दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



शासकीय महात्मा गांधी महाविद्यालय की छात्राओं को टक्कर मारकर घायल करने की घटना से नाराज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने रविवार को पुलिस को ज्ञापन देकर ऐसे लापरवाह वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। गौरतलब है कि शासकीय महात्मा गांधी महाविद्यालय में छात्रायें पढ़कर बाहर निकलीं तभी एक रेत अथवा बजरी से भर ट्रैक्टर ट्राली के चालक ने तेजी से वाहन निकालने के दौरान छात्राओं को टक्कर मार दी। छात्र नेताओं ने कहा कि यह इस रोड का पहला मामला नहीं है, ऐसे मामले कई बार सामने आते रहे हैं। लेकिन प्रशासन द्वारा इस पर अभी तक कोई भी संतोषजनक कार्यवाही सामने से देखने को नहीं मिली है। प्रशासन से मांग सड़क पर दो या दो से अधिक विद्यालय, महाविद्यालय होने पर स्पीड ब्रेकर, गति सूचना बोर्ड, गति नियंत्रण बोर्ड, विद्यालय सूचना बोर्ड आदि की व्यवस्था नहीं है, अतः आपसे निवेदन है कि नियत समय में व्यवस्था करवाई जाये। सुबह 7 से शाम 7 बजे तक भारी वाहन ट्रक, ट्रैक्टर आदि का प्रवेश वर्जित किया जाए। उक्त बिंदुओं पर 5 दिन में संतोषजनक कार्यवाही नहीं की गई तो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद उग्र आंदोलन, चक्काजाम करेगी।

## खबर संक्षेप

### पूर्व मंत्री आज करेंगे कमल खेल महोत्सव का शुभारंभ

हरदा। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन सुशासन दिवस से हरदा में कमल युवा खेल महोत्सव का शुभारंभ किया जाएगा। शुभारंभ सोमवार को 3 बजे नेहरू स्टेडियम से मार्च पास्ट के साथ पूर्व मंत्री कमल पटेल के मुख्य आतिथ्य में होगा। 19 दिनों तक आयोजित होने वाले इस महाकुंभ में जिले की खेल प्रतिभाओं को उनकी प्रतिभा के प्रदर्शन का अवसर मिलेगा। भाजपा के देवीसिंह सांखला ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी के जन्मदिवस पर 25 दिसंबर से कमल युवा खेल महोत्सव का शुभारंभ प्रतिवर्ष अनुसार इस साल भी हो रहा है। इसका समापन 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद की जयंती पर किया जाएगा। जिला ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष संदीप पटेल के हवाले से सांखला ने बताया कि जिले की खेल प्रतिभाओं को निखारने के साथ और उन्हें विभिन्न खेलों में राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने का जो काम हरदा जिले में शुरू हुआ है।

### प्रवेश परीक्षा 21 को

**हरदा।** श्रमिक एवं कर्मकार मंडल के तहत पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों को उच्च गुणवत्ता युक्त निःशुल्क शिक्षा के लिए भोपाल, इंदौर, जबलपुर एवं ग्वालियर में श्रमोदय विद्यालय संचालित है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि श्रमोदय विद्यालय में निःशुल्क प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 21 जनवरी को होगी। विद्यालयों में सीबीएसई पाठ्यक्रम पर आधारित अध्यापन कराया जाता है। छात्र-छात्राओं के लिए पृथक-पृथक आवास की व्यवस्था होती है तथा छात्रों के लिए पुरूष वार्डन व छात्राओं के लिए महिला वार्डन होते है। छात्र-छात्राओं के लिए पृथक-पृथक मेस होता है। जिनमें निर्धारित मेन्यू के अनुसार नाश्ता व भोजन प्रदाय किया जाता है।

### रेत का एक डंपर जब्त

**हरदा।** कलेक्टर के निर्देशन में जिले में खनिज के अवैध भंडारण व परिवहन के विरूद्ध कार्यवाही जारी है। शुक्रवार को सिविल लाइन थाना के सामने रेत का अवैध परिवहन करते एक डंपर जप्त कर सिविल लाइन थाना में रखा गया।

### मशीन से काम कर निकाल ली राशि, निर्माण अधूरा

# बारदेवला पंचायत में मनरेगा योजना की अधूरी तलाई चढ़ी भ्रष्टाचार भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन



प्रशासन की तमाम कोशिशों के बाद भी महात्मा गांधी रोजगार गारंटी (मनरेगा) योजना में भ्रष्टाचार थमने का नाम नहीं ले रहा है। कहीं मशीनों से काम कराया जा रहा है तो कहीं रोजगार सहायक-सचिव द्वारा फर्जी मस्टर रोल तैयार करने की शिकायतें मिल रही हैं। मशीन से काम करने की बात भी प्रशासन स्तर के स्वीकार कर रहे हैं। ताजा मामला जिले की जनपद पंचायत कसरावद अंतर्गत ग्राम बारदेवला का है, जहां के ग्रामीण मांगीलाल पटेल ने कहा कि हमारे गांव में 4 लाख 90 हजार रुपये से अधिक की लागत से कराई जा रही तलाई निर्माण का काम जेसीबी मशीन से कराया गया है वह भी अधूरा पड़ा है, लेकिन राशि निकाल ली गई। जबकि इस निर्माण कार्य में गांव के गरीब परिवार के मजदूरों के मिलना चाहिए था। परंतु रोजगार सहायक और सरपंच ने फर्जीवाड़ा कर लखपति लोगों के नाम से जॉबकार्ड चलाकर मजदूरी की राशि उन लोगों के खातों में डाली गई।

ग्रामीणों का आरोप है कि शासन से तलाई निर्माण के लिए स्वीकृत रकम की 60 प्रतिशत राशि मजदूरों के खातों और 40 प्रतिशत मशीनरी के नाम पर काम करने वाले ट्रेक्टर मालिकों के खातों में डाली जाती। मगर उसमें भी फर्जीवाड़े की बू आती है क्योंकि भोलू भूरे खां और कमलेश रेवाराम पटेल नामक व्यक्ति के बिल लगाए गए हैं। जबकि तलाई के काम में ट्रैक्टर ट्राली से एक दिन भी काम नहीं किया गया है। लोगों का कहना है कि पंचायत में अधिकांश काम सरपंच सचिव मशीनों से करवा देते हैं। जिसके बारे में लोगों को पता तक नहीं होता कि यह काम मनरेगा के तहत किया गया है। बड़े घर के मजदूरों के नाम मस्टर पर चढ़ाकर बाकायदा मजदूरी भी हड़प ली जाती है।

**पिचिंग का काम करना है**

तलाई निर्माण का काम लगभग पूरा हो गया है केवल पिचिंग का काम बाकी है। बिल लगाकर पैसे निकाले गए हैं, जल्द ही काम करेंगे। भ्रष्टाचार के आरोप गलत हैं।

**संजय बिल्लोरे, जीआरएस ग्राम पंचायत बारदेवला।**

**मशीन से काम किया तो क्या हुआ**

हां हमने जेसीबी मशीन से तलाई निर्माण कार्य किया तो क्या गलत किया है। सभी जगह मशीन से ही मनरेगा के काम होते हैं, हमने भी कराया।

**राजेश राठौड़, सब इंजीनियर, मनरेगा जंप कसरावद।**

### एक दिन पहले पति-पत्नी में हुआ था विवाद

# विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

ग्राम बलवाड़ा में एक विवाहिता ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना रविवार दोपहर करीब 12 बजे की है।



घटना के समय घर में केवल बुजुर्ग दादी सास थी। जब मृतका का पति घर लौटा, तो उसने अपनी पत्नी मोनिका को फांसी के फंदे पर लटके हुए देखा। आत्महत्या का कारण फिलहाल अज्ञात है।

जानकारी के अनुसार, एक दिन पहले ही पति-पत्नी के बीच चरित्र शंका को लेकर विवाद हुआ था। बलवाड़ा पुलिस के अनुसार, सरस्वती शिशु मंदिर के पास एक घर में मोनिका पति शुभम गुर्जर (21) ने पीछे वाले कमरे में साड़ी से फंदा बनाकर छत पर लोहे के हुक बांधकर फांसी लगा ली।घटना के समय सास-ससुर खेत पर थे, जबकि शुभम मार्केट गया हुआ था। दोपहर में जैसे ही वह घर आया तो उसने मोनिका को तलाशा। अंदर के कमरे मोनिका फांसी के फंदे पर लटकी मिली। इसके बाद मोनिका को लेकर वह तुरंत बड़वाह के शासकीय अस्पताल आया। यहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। दो वर्ष पहले ही शुभम और मोनिका की शादी हुई थी। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर आत्महत्या के कारणों की तलाश में जुट गई है।

शुभम ने बताया कि वह इंदौर जॉब करता है। शनिवार शाम को जब वह इंदौर से घर बलवाड़ा आया, तो पत्नी किसी से मोबाइल से बात कर रही थी। तब उसने बताया कि वह किसी को पसंद करती है। इस पर विवाद हुआ है। उसके बाद अगले दिन सुबह कोई बात नहीं हुई। उसने सबके लिए खाना भी बनाया। मैं किसी से काम से मार्केट गया था। लौटा तो यह फांसी के फंदे लटकी हुई थी।

**परिजनों ने आरोपों को नकारा:** मोनिका की बुआ बसंतीबाई ने बताया कि रात 8 बजे मोनिका से बात हुई थी। इस दौरान वह अच्छे से हंसकर बात कर रही थी। बातचीत के दौरान मोनिका अपनी बुआ को बता रही थी कि वह आए दिन वह लेट आते है। शराब पीते है। छोटी-छोटी बात पर परेशान करते थे। शुभम ने मोनिका पर चरित्र शंका पर लगाए आरोप को परिजनों ने झूठा बताया है।

# कुएं में गिरा तेंदुआ, वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर बड़वाह के जंगल में छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन



जिले के बड़वाह क्षेत्र अंतर्गत आने वाले मर्दाना गांव के ग्रामीण क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से तेंदुए की आहट ग्रामीणों को हो रही थी। जिसने जानवरों पर भी हमले के बाद नागरिक इस बात को लेकर चिंतित की क्षेत्र में कोई जंगली जानवर है। रविवार सुबह ग्राम के कुएं में तेंदुआ गिर गया। इसके बाद कोटवार की सूचना पर वन विभाग ने तेंदुए का रेस्क्यू कर उसे बड़वाह के जंगल में छोड़ा गया।

बड़वाह वन मंडल अधिकारी अनुराग तिवारी ने बताया कि ग्राम मर्दाना के कोटवार अंकित ने सूचना दी की एक तेंदुआ जो सुबह 6 बजे गिरी गया।चौकीदार की सूचना पर उपवन मंडल अधिकारी माधव सिंह मौर्य के मार्गदर्शन एवं स्थानीय वन परिक्षेत्र अधिकारी धर्मेंद्र सिंह राठौर के नेतृत्व में इको वेलफेयर सोसाइटी मंडलेश्वर द्वारा रेस्क्यू कर पकड़ा गया। इस दौरान इको वेलफेयर सोसायटी मंडलेश्वर के नवीन कुमार महादेवसिंह पटेल डिप्टी रेंजर श्रीराम पांडे नारायण पटेल वनरक्षक लखन सोलंकी शिवम तारे राहुल तारे रोहित बिड़ला चेतन बिरला मौजूद थे। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कई दिनों से रात के समय क्षेत्र में भी जगली जानवर की आहत एवं मृत अवस्था में मिल रहे जानवरों के बाद भय व्याप्त था। कुएं में गिरने और वन विभाग द्वारा रेस्क्यू के बाद अब ग्रामीणों की एक चिंता कम हुई। रेंजर राठौड़ ने बताया की यह करीबन 3 वर्ष की मादा तेंदुआ है। इसे बड़वाह के जंगल में छोड़ने के पूर्व बड़वाह पशु विभाग के डा सुरेश बघेल ने मेडिकल कर इसकी जांच की।

### प्राध्यापक बदनावर ने पर्यावरण संरक्षण व अनवरत प्राकृतिक दोहन पर चिंता व्यक्त की

# पीजी कॉलेज में 32 विद्वानों ने रखे शोध, विधायक बोले विषय प्रासंगिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन



पीजी कॉलेज में धारणीय विकास में नवकरणीय ऊर्जा की आवश्यकता और पर्यावरणीय चुनौतियां विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी हुई। इसमें देश प्रदेश के प्राध्यापक एवं शोधार्थी उपस्थित हुए। संगोष्ठी सचिव प्रो. जैनुल जिलानी ने बताया कि संगोष्ठी में 180 रजिस्ट्रेशन हुए, 65 शोध पत्र आए। 32 शोधपत्रों का वाचन किया। इस दौरान मुख्य अतिथि विधायक बालकृष्ण पाटीदार विधायक ने संगोष्ठी के विषय को अत्यंत प्रासंगिक बताया तथा नवकरणीय ऊर्जा के स्त्रोतों पर अधिक बल देना जरूरी बताया। इस दौरान जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष दीपक कानूनगो ने समुद्र सीमा से लगे थोरियम के भंडार तथा उसके भविष्य में उपयोगिता विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। वहीं डॉ. सुप्रज्ञ ठाकुर एसोसिएट प्रोफेसर भौतिकी श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय इंदौर ने पीपीटी से नवीकरणीय ऊर्जा के स्त्रोतों का अधिकतम उपयोग कैसे करें इस पर प्रकाश डाला। डॉ. ठाकुर ने पर्यावरणीय क्षति को कम से कम करने लिए उपायों को सुझाते हुए बताया कि जीवाश्म ईंधन का उपयोग संतुलित करना, प्लास्टिक का यथा संभव उपयोग कम किया जाना तथा प्राकृतिक संसाधनों का उचित तरीके से उपयोग करना हमारे सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में मिल का पत्थर साबित होंगे।

प्राचार्य डॉ. आरएस देवड़ा ने अतिथि परिचय कराया। संयोजक डॉ. जीएस चौहान ने रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए यह बताया कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सीमित संसाधनों के साथ नवकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों का उचित दोहन करते हुए आगे बढ़ना होगा।

समाज शास्त्र विभागाध्यक्ष प्रोफेसर वंदना बर्वे ने कहा कि पर्यावरण का संतुलन के साथ विकास होना चाहिए। विकास की जिम्मेदारी कल सरकारों की नहीं हमारी भी है। विशेष अतिथि डॉ. अरुणा कुसुमाकर, प्राध्यापक बदनावर ने पर्यावरण संरक्षण व अनवरत प्राकृतिक दोहन पर चिंता व्यक्त की। कहा कि सर्वांगीण विकास प्रकृति को ध्यान में रखे बिना नही हो सकता है। संचालन डॉ. रंजीता पाटीदार ने किया। जबकि आभार डॉक्टर सावित्री भागोरे ने माना। इस दौरान पूर्व प्राध्यापक डॉ. पुष्पा पटेल, डॉ. एम.के. गोखले प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय खरगोन, डॉ. सखाराम मुजाल्दे, जनभागीदारी समिति सदस्य महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, मौजूद थे। 25 से ज्यादा प्राध्यापक तथा शोधार्थीयों ने शोध-पत्र प्रस्तुत किए।

# विधायक से मिले अतिथि विद्वान, बोले तीन महीने से नहीं मिला वेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



जिला मुख्यालय के पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के अतिथि विद्वानों ने बीते तीन महीने से वेतन नहीं मिलने के मुद्दे को लेकर रविवार को स्थानीय विधायक डॉ आरके दोगने से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अपनी समस्याओं से अवगत कराया। पॉलिटेक्निक अतिथि विद्वान (व्याख्याता) संघ के प्रदेशाध्यक्ष ऋषभ पस्टारिया ने बताया कि रविवार को हरदा विधायक दोगने को अपनी समस्यों से अवगत कराया।

उन्होंने बताया कि बीते की 5 अक्टूबर को मंत्रालीन और 8 नवम्बर को विभागीय आदेश, प्रदेश के तकनीकी अतिथि व्याख्याता को दो हजार /प्रति दिवस एवम अधिकतम पांच हजार देने के सभी पॉलिटेक्निक कॉलेज में पहुंच चुके हैं। इसके लगभग 3 माह बीत जाने के बाद भी 70 में से गिने चुने कॉलेजों को छोड़कर कहीं भी नया वेतनमान का लाभ नहीं दिया गया है। प्रदेश के कुछ कॉलेज प्राचार्य जैसे इटारसी प्राचार्य ने इन आदेशों को इस तरह से तोड़ा मरोड़ा जा रहा है।

वहीं पूर्व सीएम शिवराज की घोषणा के विपरीत अतिथियों को 666/ प्रति कालखंड के हिसाब से बिल बनाने का दवाब बनाया जा रहा है। वहीं प्रदेश के अलग-अलग प्राचार्य इन आदेशों की अलग अलग व्याख्या कर रहे हैं। ऐसी ही कुछ परिस्थिति हरदा कॉलेज में है। जहां लगभग 15 से 17 अतिथि व्याख्याता पूरे समय रुक-कर समस्त कार्य संपन्न कर रहे हैं, लेकिन पिछले 3 महीने से उन्हें आदेश होने के बाद भी नए वेतनमान का लाभ नहीं दिया जा रहा है। विधायक से मुलाकात करने के दौरान दीप्ती, रोशनी, प्रियंका, राम, नावेद, कविता, सचिन, अजय, राजेश अन्य अतिथि व्याख्याता उपस्थित रहे।

# भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर क्षेत्र के विकास की मांग रखी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेंद्र यादव ने मुख्यमंत्री मोहन यादव से मुलाकात कर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग की। इसमें उन्होंने प्रमुख रूप से जिले के कसरावद विधानसभा क्षेत्र में निर्माण कार्यों की मांग रखी। भाजपा जिला उपाध्यक्ष यादव ने कसरावद जनपद पंचायत के अधीन आने वाली ग्राम पंचायत क्षेत्र में स्टाफ डेम और सिंचाई के लिए नहरों के कार्य में सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश देकर तेजी लाने की मांग मुख्यमंत्री यादव से की ग्राम पंचायत स्तर पर छुटे गांवों को पक्की सड़को के जरिये सड़क निर्माण की मांग की। उपाध्यक्ष यादव ने बताया कि उन्हें मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि पूरे प्रदेश सहित खरगोन जिले में विकास कार्यों को लेकर प्रदेश सरकार गंभीरता से काम करेगी। साथ ही केंद्र की भाजपा सरकार और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन हितेषी योजनाओं को अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाया जाएगा।

# शिशु मंदिर में जिला स्तरीय संयोजक मंडल सम्मेलन का किया आयोजन

**हरदा।** माधव ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला हरदा द्वारा जिला स्तरीय संयोजक मंडल सम्मेलन का आयोजन किया गया। रविवार को सरस्वती शिशु मंदिर में जिले में संचालित ग्रामीण क्षेत्र में सरस्वती शिशु मंदिरों की के सात मंडलों संरक्षक मंडल संयोजक मंडल युवा मंडल शुभचिंतक मंडल पालक प्रतिनिधिमंडल महिला मंडल और आचार्य मंडल के 891 कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में सुजीत शर्मा प्रांतीय अध्यक्ष ग्राम भारती मध्यभारत प्रांत, वीरेंद्र सेंगर प्रांतीय सचिव ग्राम भारती मध्यभारत, रामभरोस बसोतिया राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष भाकिसं, धन्नालाल दोगने विभाग संघचालक, डा विशाल सिंह बघेल, कल्याण कौरव, डॉ अमरदास गुर्जर, अनिरुद्ध तंवर उपस्थित थे। सुजीत शर्मा ने ग्रामभारती शिक्षा समिति द्वारा संचालित विद्यालयों के विकास में



विद्यालय में निर्माण किए गए साथ मंडलों वी 9 आयाम पर विस्तृत विषय रखा। प्रत्येक की समीक्षा की 9 आयाम के माध्यम से ग्राम विकास संभव है। डॉक्टर विशाल सिंह बघेल ने सरस्वती शिशु मंदिर की महत्वता बताई व शिशु मंदिर के द्वारा ही एक अच्छे नागरिक का निर्माण हो सकता है। शिशु मंदिर शिक्षा के साथ-साथ संस्कार देने का कार्य भी समाज में कर रहा है। शिशु मंदिरों में समाज के सहयोग से संचालित किया जा रहे हैं। कार्यक्रम के प्रारंभ में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भामाशाह सम्मान किया गया जिन दानदाताओं ने विद्यालय संचालित हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि दान दिए हैं। उन्हें शाल श्रीफल व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में सात मंडलों संरक्षक मंडल संयोजक मंडल युवा मंडल महिला मंडल शुभचिंतक मंडल पालक मंडल आचार्य मंडल की की प्रथक प्रथक बैठक रखी गई। बैठकों में अलग-अलग विषय पर चर्चा की गई। जिसमें स्वास्थ्य स्वावलंबन स्वदेशी समरसता साक्षरता संस्कार संस्कृति पर्यावरण स्वच्छता आदि विषयों पर प्रकाश डाला गया व विद्यालय विकास के लिए मंडलों की क्या भूमिका है। इस पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के समापन सत्र में वीरेंद्र सिंगर, रामभरोस बसोतिया का उद्बोधन रहा। जानकारी योगेश माकवे ने दी।

# भागवत कथा में सृष्टि की सरंचना का किया वर्णन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

अग्रवाल परिवार द्वारा सेठ हरिशंकर अग्रवाल मांगलिक भवन में आयोजित भव्य संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में रविवार को तृतीय दिवस के उपलक्ष्य में भारती किशोरी ने सृष्टि संरचना का वर्णन किया। जिसमे भगवान वराह अवतार द्वारा रक्षक हिरण्याक्ष का संहार किया। कथा में माता अनसुइया की कथा भी वर्णन करते हुए पतिव्रता धर्म की शक्ति बताई गई। तृतीय दिवस के उपलक्ष्य में सती चरित्र की कथा सुनाई गई जिसमे राजा दक्ष द्वारा यज्ञ का अनुष्ठान किया जाता है। जिसने उपस्थितजनों के समक्ष अहंकार से भरा राजा दक्ष अपने दामाद भगवान शिव का अपमान करते है' जिससे व्यथित होकर राजा दक्ष की पुत्री सती हो जाती है। इसके बाद बाबा भोलेनाथ माँ पार्वती का विवाह की कथा आती है। आज कथा में विवाह उत्सव बड़ी संख्या में भक्तो ने उपस्थित होकर धूम-धाम से मनाया गया। साथ ही किशोरी ने माँ नर्मदा की स्वच्छता का संदेश दिया सभी भक्तों को मां नर्मदा की महिमा बताते हुए प्रदूषित नही करने संकल्प दिलाया। साथ ही नये साल के बारे में किशोरी ने बताया कि पाश्चात्य संस्कृति के आदि ना बने। चैत्र में होता हम सनातनियों का नव वर्ष वो मनाये।1 जनवरी को न करे कोई गलत काम न करे समय साल बदलेगा। तो शुरुआत भगवान की भक्ति से करें अच्छे काम से करें। अन्य कथा के प्रसंगों बड़े ही रोचक तरीक़ो से समझाया गया।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची दादाजी वार्ड और शहर की बंगाली कॉलोनी

# महापौर ने दिलाई शपथ, देश को वर्ष 2027 तक बनाएंगे विकसित राष्ट्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा




रविवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा शहर के दादाजी वार्ड एवं बंगाली कालोनी में पहुंची। जहां नगर पालिक निगम द्वारा यात्रा का आयोजन किया। कार्यक्रम में मंचासीन महापौर अमृता अमर यादव, शहर की विधायक कंचन मुकेश तनवे, नगर निगम परिषद अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा मेयर इन काउंसिल के सदस्य राजेश यादव,अनिल वर्मा बाबा, रामगोपाल शर्मा, दीना पवार, आशीष चटकेले, सुनील जैन, भाजपा नेत्री पिंकी राठौड, रक्षा प्रजापति, मीना गिरी, मंगलेश तोमर, लोकेन्द्र गौड, निगमायुक्त निलेष दुबे, डा. जुगतावत उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर एवं ठक्कर बप्पा प्राथमिल शाला के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। स्वागत भाषण क्षेत्रीय पार्षद एवं मेयर इन काउंसिल सदस्य आशीष चटकेले ने प्रस्तुत कर सभी अतिथियों का स्वागत कर क्षेत्र की आमजनता से समस्त योजनाओं का लाभ लेने की अपील की,कार्यक्रम मे निगमायुक्त निलेश दुबे ने विधायक का पुष्पगुच्छ भेटकर स्वागत किया।

उपायुक्त सचिन सिटोले ने महापौर अमृता अमर यादव का स्वागत किया, इसी क्रम में मंच पर उपस्थित समस्त अतिथियों का स्वागत उपायुक्त प्रदीप जैन, उपायुक्त जााकिर जाफरी, एच आर पांडे कार्य्रपालन यंत्री, नवनीत शुक्ला ,राहुल राठोर द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक मुकेश तनवे ने कहा कि विकसित भारत यात्रा का मूल लक्ष्य ऐसे वंचित गरीब हितग्राही जिन्हें किसी भी योजना का लाभ प्राप्त नहीं हुआ है। उन्हें जागरूक कर योजनाओं का लाभ दिलायें एवं भारत को विकसित राष्ट बनायें। महापौर ने सभी को विकसित राष्ट बनाने की शपथ दिलाते हुये कहा कि विकसित भारत संकल्प योजनाओं के शिवरों में लगी योजनाओं से आप लोग अधिक से अधिक लाभ लेवे और अपने परिचितों को भी जोडे, राजेश यादव, रामगोपाल शर्मा राजेश तिवारी ने कहां कि मोदी के विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को पूर्ण करे एवं शासन की योजनाओं का लाभ लेवे। कार्यक्रम में नुक्कड नाटक कवि संगम ग्रुप द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उज्जवला योजना, आयुष्मान योजना, पीएम स्वनिधि योजना स्व सहायता योजना स्वास्थ्य हेल्प चेकअप,निशुल्क दवाईयों का वितरण ,आर आर आर केम्प लगाये गये। शिविर में आयुष्मान योजना के 200 हितग्राहियों के कार्ड बनाये गये, आर आर सेंटर से आज 25 कपडे बांटे गये, कार्यक्रम में महापौर एवं अतिथियों द्वारा उज्जवला योजना के चार हितग्राहियों को गैस कनेक्शनों का वितरण किया।

कार्यक्रम में चार हितग्राहियों द्वारा जिनमे आवास योजना, आयुष्मान योजना, पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी कार्यक्रम के अंतर्गत अपना धन्यवाद मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री को दिया। कार्यक्रम में पदमनगर शाला की बालिकाओं द्वारा लोक नृत्य भी प्रस्तुत किया गया। बंगाली कालोनी में भी यात्रा का जोरदार स्वागत कर कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहां भी सभी जनहितकारी योजनाओं के केम्प लगाये जाकर वंचित लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाया गया। कार्यक्रम का संचालन सुधांशु जैन ने किया।